वर्ष- 02 अंक- 229
छपरा
9 जुलाई मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## केरल हाईकोर्ट से लाइबेरियाई जहाज की जब्ती का आदेश

### कहा- मुआवजा मिलने पर ही छोड़ें; अन्य शिप डूबा था, केरल का 9500 करोड़ का दावा



**तिरुवनंतपुरम ,एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को लाइबेरियाई जहाज रूस्ट अकीकेता 2 को जब्त करने का आदेश दिया। यह शिप लाइबेरियाई जहाज रूस्ट एल्सा 3 का सहयोगी था, जो 25 मई को कोच्चि के तट पर डूब गया था। दोनों जहाज रूस्ट मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी के हैं। MSC एल्सा 3 डूबने से हुए पर्यावरणीय और आर्थिक नुकसान पर केरल सरकार ने 9531 करोड़ रुपए के मुआवजे की याचिका लगाई थी। साथ ही सहयोगी जहाज (MSC अकीकेता 2) के भारत से बाहर जाने की आशंका जताते हुए जहाज जब्त करने की मांग की थी।इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि शिपिंग कंपनी जब तक मुआवजे की रकम जमा नहीं कर देती तब तक रूस्ट अकीकेता 2 को जब्त रखा जाए। मामला सुलझने तक जहाज भारत से बाहर नहीं जा सकेगा।

**विझिनजाम पोर्ट को जहाज जब्त करने और उसकी सुरक्षा के निर्देश** : केरल सरकार के मुताबिक जहाज डूबने के बाद निकले जहरीले पदार्थों की वजह से डॉल्फिन और व्हेल समेत कई समुद्री जीवों की मौत हुई। इस पर सरकार ने एडमिरल्टी (समुद्री दावों का अधिकार क्षेत्र और निपटान) एक्ट की धारा 4 के तहत मुआवजे की मांग की। इसमें पॉल्यूशन के लिए 8626 करोड़, पर्यावरण के लिए 378.48 करोड़ और मछुआरों को हुए 526.51 करोड़ का नुकसान शामिल है।ब्याज समेत मुआवजे की पूरी राशि 9,531.11 करोड़ है।
कोर्ट ने अडानी विझिनजाम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को जहाज जब्त करने और उसकी सुरक्षा के निर्देश दिए।

## बुजुर्ग दंपती की हत्या करने वाले रिक्शा चालक को मौत की सजा

### अदालत ने कहा- यह दुर्लभतम मामला

**कोलकाता,एजेंसी।** कोलकाता की एक अदालत ने सेवानिवृत्त प्रोफेसर बुजुर्ग दंपती की हत्या के मामले में रिक्शा चालक युवक को मौत की सजा सुनाई है। बुजुर्ग दंपती के सिर और चेहरे पर क्रूर तरीके से चाकू से किए गए वार और भरोसा तोड़ने का अपराध कहते हुए दुर्लभतम मामला माना है। 15 जुलाई 2015 को प्रोफेसर प्राण गोविंद दास और उनकी पत्नी रेणुका दास की रिक्शा चालक युवक संजय सेन ने चेहरे और सिर पर बार-बार हमला करके हत्या कर दी थी। आरोपी ने चार घंटे तक दंपती के साथ क्रूरता की और बाद में सोने के आभूषण और नकदी लूटकर फरार हो गया था।सियालदह सत्र न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने कहा कि हमें को पीड़ितों की ओर से उकसावे का कोई संकेत नहीं मिला। रिक्शा चालक संजय सेन को दंपती उन दिनों से जानते थे जब वह मछली विक्रेता हुआ करता था और उस पर भरोसा करते थे। वह उत्तर कोलकाता के चितपुर इलाके में एक आवासीय परिसर में स्थित उनके फ्लैट में अक्सर आता-जाता था।दंपती ने सेन को बैंकों, डॉक्टरों और बाजारों में जाने के लिए किराये पर रखा था। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि बुजुर्ग दंपती ने उस पर भरोसा जताया। उसे अपने घर में रहने दिया और दैनिक कार्यों के लिए सहायता के लिए उस पर निर्भर रहे।



# आज भारत बंद, 25 करोड़ कर्मचारी हड़ताल पर

## बैंक-डाकघर में काम बंद रहेगा, परिवहन सेवाएं ठप होने से भी आने-जाने में परेशानी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देशभर में बुधवार यानी 9 जुलाई को 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी सरकार की मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों के खिलाफ उतरने जा रहे हैं. इस देशव्यापी हड़ताल व भारत बंद का बड़ा असर दिखाई दे सकता है, जिससे करोड़ों रुपए के नुकसान की बात कही जा रही है. यही नहीं, 9 जुलाई को बिहार में विपक्षी पार्टियों के महागठबंधन ने भी चक्का जाम बुलाया है. इस चक्का जाम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी शामिल होंगे. सबसे पहले बात करते हैं कि कर्मचारियों के हड़ताल की. इस हड़ताल का आह्वान 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगियों के एक मंच ने किया है. इससे बैंकिंग, बीमा, पोस्टल, कोयला खनन, राजमार्ग, निर्माण और यहां तक कि कई राज्यों में राज्य परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं बाधित होने की संभावना है ।

### भारत बंद में कौन-कौन होगा शामिल

कर्मचारियों के भारत बंद में यूनियनों में एआईटीयूसी, एचएमएस, सीआईटीयू, आईएनटीयूसी, आईएनयूटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं. वहीं, आरएसएस से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ इस फोरम का हिस्सा नहीं है. इसके अलावा संयुक्त किसान मोर्चा और कृषि श्रमिक यूनियनों के संयुक्त मोर्चे ने भी इस हड़ताल को सपोर्ट किया, जिसके चलते ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर लामबंदी का निर्णय किया गया है. अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने कहा, '25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के हड़ताल में भाग लेने की उम्मीद है. देशभर में किसान और ग्रामीण कर्मचारी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे.' हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि हड़ताल के कारण बैंकिंग, डाक, कोयला खनन, कारखाने, राज्य परिवहन सेवाएं प्रभावित होंगी ।

### कर्मचारी क्यों कर रहे हैं विरोध?

प्रदर्शनकारी यूनियनों का कहना है कि उन्होंने पहले श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया को 17 सूत्री मांगपत्र सौंपा था, लेकिन कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की गई है. उनका सरकार पर आरोप है कि वह 10 साल से वार्षिक श्रम सम्मेलन आयोजित नहीं करना चाहती है. नए लेबर कोड के जरिए से ट्रेड यूनियनों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है. साथ ही साथ काम के घंटे बढ़ाना और श्रमिकों के अधिकारों को कम किया जा रहा है. इसके अलावा निजीकरण और संविदा नौकरियों को बढ़ावा देना, अधिक भर्तियों और बेहतर वेतन की मांगों को नजरअंदाज करना और युवा बेरोजगारी को हल करने के बजाय नियोक्ताओं को ELI (रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन) योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करना शामिल है. दरअसल, ट्रेड यूनियनों ने इससे पहले 26 नवंबर, 2020, 28-29 मार्च, 2022 और 16 फरवरी 2024 को इसी तरह की देशव्यापी हड़ताल की थी ।

### बिहार बंद का कितना रहेगा असर?

इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को पटना के दौरे पर जा रहे हैं, जहां वे राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथी दलों सहित विपक्षी दलों की ओर से बुलाए गए बिहार बंद में शामिल होंगे. ये बिहार बंद चुनाव आयोग (ईसीआई) की ओर से वोटर लिस्ट के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ बुलाया गया है. इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है. बिहार में विपक्षी दलों ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले 24 जून को शुरू की गई चुनाव आयोग की एसआईआर की कड़ी निंदा की है. आरजेडी के तेजस्वी प्रसाद यादव ने इसे 'वोटबंदी' करार दिया और इसकी तुलना नोटबंदी से की, जबकि कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी पर मतदाताओं को दबाने का आरोप लगाया. इस बिहार बंद का पप्पू यादव ने भी समर्थन किया है. वहीं, कर्मचारियों की हड़ताल और बिहार बंद की वजह से राज्य में सार्वजनिक सेवाएं बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकती हैं. इस चक्का जाम से माल ढुलाई से लेकर राज्य परिवहन की बसों की आवाजाही थम सकती है. अगर ऐसा हुआ तो लोगों के लिए मुश्किल होगी ।

## संवैधानिक है एक देश-एक चुनाव की अवधारणा, देश के तीन पूर्व सीजेआई ने दी सहमति

### विपक्ष की आलोचना को किया खारिज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व प्रधान न्यायाधीशों ने एक राष्ट एक चुनाव की संवैधानिकता का समर्थन किया है लेकिन निर्वाचन आयोग को दी गई शक्ति को लेकर चिंता जताई है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने निर्वाचन आयोग को असीमित अधिकार देने पर सवाल उठाया जिससे विधानसभा के कार्यकाल को कम या बढ़ाया जा सकता है। जस्टिस ललित ने चरणबद्ध चुनाव का सुझाव दिया।

**विपक्ष लगातार उठा रहा है सवाल :**पीटीआई, नई दिल्ली। एक साथ चुनाव का प्रविधान करने वाले विधेयक को लेकर गठित संसदीय समिति को पहले ही अपने विचार से अवगत करा चुके भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीशों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव (ओएनओई) की अवधारणा की संवैधानिकता का समर्थन किया है, लेकिन निर्वाचन आयोग को दी गई शक्ति सहित विधेयक के विभिन्न पहलुओं को लेकर चिंता जताते हुए सुझाव भी दिए हैं।



भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रह चुके जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने संयुक्त संसदीय समिति को सौंपी अपनी राय में विपक्ष की इस आलोचना को खारिज कर दिया है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव का एक साथ होना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है। संविधान में कहीं भी राष्ट्रीय और राज्य के चुनावों को अलग-अलग कराने की बात नहीं कही गई है।

**पूर्व सीजेआई जेएस खेहर 11 जुलाई को देंगे राय** :हालांकि, संसदीय समिति को सौंपी गई राय के अनुसार, प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन कानून में निर्वाचन आयोग को विवेक के प्रयोग के लिए कोई दिशा-निर्देश निर्धारित किए बिना दी गई व्यापक शक्तियों पर सवाल उठाने में वह एक अन्य पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के साथ शामिल हो गए।

## भाजयुमो की 21 जुलाई को होने वाली रैली को बंगाल पुलिस ने नहीं दी मंजूरी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की 21 जुलाई को होने वाली रैली को मंजूरी देने से मना कर दिया है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल भाजपा युवा मोर्चा के सचिव राज चौधरी को भेजे पत्र में मंजूरी न देने की वजह रैली के रास्ते में दो अस्पतालों का होना बताया है। पुलिस कमिश्नर ने कहा है कि रैली के चलते आपात मरीजों को लाने-ले जाने में परेशानी होगी।

**पुलिस कमिश्नर ने बताई रैली की इजाजत न देने की वजह :**पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 21 जुलाई 2025 को कोलकाता में पहले से ही एक कार्यक्रम तय है, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक उत्तरी बंगाल से कोलकाता आएंगे। सिलिगुड़ी के ट्रांजिट पॉइंट होने के नाते बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। वहीं भाजयुमो की रैली जो नौकाघाट से उत्तरकन्या जानी है, वह भी एशियन हाइवे-2 से होकर गुजरेगी। ऐसे में भारी ट्रैफिक जाम हो सकता है।

# गोपाल खेमका की हत्या कारोबार को लेकर हुई,बिल्डर अशोक साह गिरफ्तार

## 3.5 लाख की सुपारी दी थी; एक आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**पटना,एजेंसी।** बिहार के कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या बिल्डर अशोक साह ने कराई थी। दोनों के बीच कारोबार को लेकर विवाद था। हत्या के लिए अशोक साह ने शूटर उमेश को हायर किया था। उमेश ने ही गोपाल खेमका को 4 जुलाई को घर के गेट पर गोली मारी थी। पुलिस ने सोमवार को बिल्डर अशोक साह, शूटर उमेश को गिरफ्तार किया। अशोक साह ने 3.5 लाख सुपारी दी थी। पुलिस ने शूटर के पास से 3 लाख कैश बरामद किया है।शूटर उमेश की निशानदेही पर पुलिस गन सप्लायर विकास से पूछताछ करने पटना सिटी के मालसलामी इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान विकास ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे ढेर कर दिया। एनकाउंटर मंगलवार तड़के 4 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पटना सिटी SDPO-2, SP और SSP मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से 1 पिस्टल, गोली और खोखा बरामद किया गया है।



### सोमवार को शूटर उमेश उर्फ विजय को गिरफ्तार किया था

इससे पहले 8 जुलाई (सोमवार) को पुलिस ने शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से ही गिरफ्तार किया था। उसने बताया कि 3.5 लाख में खेमका के मर्डर की सुपारी दी गई थी। एक लाख रुपए एडवांस मिला था। पुलिस ने गंगा किनारे के इलाके से हथियार भी बरामद कर लिया है।उमेश राय दिल्ली में विजय के नाम से रहता था।SIT की टीम जब उमेश के घर पहुंची, तब वह बच्चे को लेने स्कूल गया था। इसी बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया।

## मराठी भाषा विवाद-ठाणे में एमएनएस नेता-कार्यकर्ता हिरासत में,हिंदीभाषी व्यापारियों के खिलाफ रैली करने जा रहे थे

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठी को लेकर विवाद के बीच मंगलवार सुबह पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के ठाणे-पालघर प्रमुख अविनाश जाधव समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है।जाधव के नेतृत्व में ये कार्यकर्ता ठाणे के भायंदर में व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के जवाब में एक रैली करने जा रहे थे।पुलिस ने इस रैली की परमिशन नहीं दी थी।पुलिस ने सुबह करीब 3 :30 बजे जाधव को उनके ठाणे स्थित घर से हिरासत में लिया और कई कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया है।भायंदर में पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैंने पुलिस कमिश्नर से बात की है, उन्होंने बताया कि रैली के लिए नहीं, बल्कि सभा के लिए अनुमति मांगी गई थी।

## जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत का काम पूरा, सरकार की मंजूरी के बाद होगी रत्नों की गिनती

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** भारतीय पुरातत्व संस्थान ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत का काम पूरा कर लिया है। रत्नों की गिनती और उनकी सूची बनाने का काम राज्य सरकार की मंजूरी मिलने के बाद किया जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पधी और पुरातत्व संस्थान के प्रमुख पुरातत्ववेता डीबी गरनायक ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। भारतीय पुरातत्व संस्थान ही 12वीं सदी के पुरी जगन्नाथ मंदिर का संरक्षक है।



### 95 दिनों में पूरा हुआ काम

श्री जगन्नाथ मंदिर का बाहरी चैंबर भगवान की पूजा और त्योहारों पर इस्तेमाल होने वाले रत्नों को रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।वहीं सबसे ज्यादा महंगे और सोने-चांदी और हीरे के आभूषण अंदरुनी चैंबर में रखे जाते हैं।अंदरुनी चैंबर बीते 46 वर्षों से नहीं खोला गया था।बीते साल अंदरुनी चैंबर की मरम्मत और उसमें रखे हीरे जेवरात की गिनती के लिए इसे खोला गया। आईएएस अधिकारी और मंदिर के प्रमुख प्रशासक अरबिंद पधी ने बताया कि मंदिर के अंदरुनी चैंबर की मरम्मत और पुनिर्माण का काम पुरातत्व संस्थान ने किया, जिसमें 95 दिनों का समय लगा।करीब 80 लोगों की टीम ने भगवान के खजाने को संरक्षित किया।

## छतरपुर में ढाबे की दीवार गिरी, महिला की मौत :यूपी-बंगाल के 12 लोग घायल, 4 ग्वालियर रेफर; बागेश्वर धाम दर्शन करने पहुंचे थे

**छतरपुर,एजेंसी।** छतरपुर के गढ़ा गांव में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे ढाबे की दीवार ढह गई।मलबे में दबने से उत्तर प्रदेश निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 घायल हुए हैं।इनमें 9 लोग उत्तर प्रदेश, एक उत्तराखंड जबकि दो पश्चिम बंगाल के हैं।4 घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है।महिला की पहचान अनीता देवी खरवार (40) पत्नी राजू के रूप में हुई है।वह उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट गांव की रहने वाली थी।परिजन ने बताया- 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है।इस मौके पर हम लोग बागेश्वर धाम में दर्शन करने आए हैं।रात को ढाबे में सोए थे।इसी दौरान अचानक दीवार भरभराकर हमारे ऊपर आ गिरी।इससे पहले 3 जुलाई को बागेश्वर धाम परिसर में ही टेंट गिर गया था।लोहे का एंगल सिर में लगने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई थी जबकि भगदड़ में 8 लोग घायल हुए थे।



## अमरनाथ यात्रा- 5वें दिन 24 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए,एक दिन में सबसे ज्यादा

### अब तक 93,000 यात्री पहुंचे, छठा जत्था जम्मू से रवाना

**पहलगाम,एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के पांचवें दिन 23,857 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक एक दिन दर्शन करने वालों की यह सबसे बड़ी संख्या है। यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। पहले 5 दिन में ही दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 93,336 पहुंच गई है। इस बीच 8,605 यात्रियों का छठा जत्था सोमवार को जम्मू से गांदरबल के बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।



# मनमोहन सामल फिर बने ओडिशा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, निर्विरोध हुए निर्वाचित

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** भाजपा ने मनमोहन सामल को ओडिशा प्रदेश इकाई का फिर से अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले सोमवार को ओडिशा इकाई के अध्यक्ष पद के लिए उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इस पर नामांकन करने वाले वे एकमात्र उम्मीदवार थे। भाजपा के केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक संजय जायसवाल ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सामल की इस पद पर पुनर्नियुक्ति की घोषणा की।

इससे पहले सोमवार को मनमोहन सामल ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक संजय जायसवाल और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में ओडिशा भाजपा चुनाव अधिकारी और सांसद प्रताप सारंगी के समक्ष इस पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था। वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले एकमात्र नेता थे। सामल के अलावा कई अन्य नेताओं ने भी भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



**2024 में पार्टी की जीत में निभाई थी बड़ी भूमिका** :उनके नेतृत्व में 2024 में ओडिशा विधानसभा चुनाव में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल (बीजद) को हराया था। वहीं ओडिशा में भाजपा ने राज्य की 21 लोकसभा सीटों में से 20 पर जीत हासिल की और राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत हासिल कर राज्य में सरकार बनाई। ओडिशा की 147 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 78 सीट जीतीं, जबकि नवीन पटनायक की बीजद को 51 सीट मिलीं। कांग्रेस को 14 सीट, निर्दलीयों को तीन और माकपा को को एक सीट मिली। सामल हालांकि, खुद भद्रक जिले के चंदबली निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव हार गए थे। वह इससे पहले नवंबर 1999 से अक्टूबर 2000, अक्टूबर 2000 से मई 2004 और मार्च 2023 से जुलाई 2025 तक तीन बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं।

## पंचायती के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पत्नी की विदाई कराने को लेकर हुए चल रही पंचायती के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने जख्मी आलमगीर के बयान पर छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। बता दे कि नगर के असोईयां के पंचायत के दौरान हुई एक पक्ष के लोगों? ने चाकूबाजी कर एक को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था? वही दुसरे घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। दर्ज प्राथमिकी में भेल्दी के पैगा निवासी मो. आलमगीर ने पंचायती के दौरान जानलेवा हमला करने के मामले में इसुआपुर के निपनिया निवासी वकिल मियां, मो. सरताज, मो शमताज, मो. मुमताज, वाजिया खातुन व मुन्ना खातुन को आरोपित किया है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, सात जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के शिल्हौरी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में सात लोग बुरी तरह से जख्मी हो गये। सभी जख्मी का इलाज रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में कराया गया। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरु कर दिया है। रेफरल अस्पताल में चिकित्सक ने बताया कि मंगलवार को हुई मारपीट में प्रथम पक्ष से शिवनाथ प्रसाद, प्रिती कुमारी व रेणू देवी घायल हैं। जबकि दूसरे पक्ष से विजेन्द्र कुमार, पुनिता कुमारी, धर्मेन्द्र व आदित्य कुमार जख्मी बताये गए हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर जी की मनायीं पुण्यतिथि

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा कार्यालय रजिस्ट्री बाजार सोनपुर मे नगर मण्डल भाजपा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व चंद्रशेखर जी की पुण्यतिथि नगर भाजपा अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु के अध्यक्षता में मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुवात पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी के तैल चित्र पर पुष्पाजली अर्पित कर नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। वही मौके पर बिहार कैबिनेट द्वारा सोनपुर अनुमंडल हॉस्पिटल के रोगी कल्याण के सदस्य बनने पर श्री मति राणा विमल सिंह को पार्टी कार्यालय मे अंग --वस्त्र से मंगलवार को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी का जन्म 17 अगस्त 1927 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिम पट्टी गांव मे हुआ था. वे एक किसान परिवार में जन्म लिए थे और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीतिक विज्ञान में पीएचडी किए हुए थे! उन्होंने छात्र जीवन राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और 1950 के दशक में समाजवादी राजनीति में शामिल हुए..1977 से 1999 तक बलिया लोकसभा क्षेत्र से आठ बार चुनाव जीते। 10 नवंबर 1990 से 21 जून 1991 तक वह भारत के प्रधानमंत्री रहे। वही भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने कहा कि चंद्रशेखर जी पहले ऐसे नेता थे जो बिना कोई पद लिए सीधे प्रधानमंत्री बने।चंद्रशेखर जी ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे राष्ट्रीय मुद्दों पर बेबाक राय रखते थे। स्व चंद्रशेखर जी को युवा तुर्क के नाम से भी जाना जाता था, वह प्रभावशाली वक्ता और कुशल राजनेता थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी को अपना गुरु मानते थे। 1983 में उन्होंने कन्याकुमारी से दिल्ली तक भारत यात्रा नामक एक पदयात्रा की, जिसका उद्देश्य था देश में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना। 8 जुलाई 2007 में उनका निधन हो गया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के बड़े भाई के निधन पर शोक सभा

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** प्रखंड के बहलोलपुर लतरहिया निवासी अधिवक्ता जीवनंदन शर्मा के बड़े भाई बृजनंदन शर्मा के निधन के बाद मंगलवार को उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर स्व बृजनंदन शर्मा के तैलीय चित्र पर अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, जीवनंदन शर्मा,पूर्व जिला पार्षद नन्द किशोर राय,धर्मनाथ प्रसाद राय,पूर्व बीसीसी शंकर सहनी,मधुकांत शर्मा,अजय कुमार साह,सहित दर्जनों अधिवक्ता व गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

## मां भगवती के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर अष्टयाम को लेकर निकल गई कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत परमान्दपुर पंचायत के चकअपसैद गांव के मंदिर में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर अष्टयाम को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकालकर गंगा तट पर पहुंचकर जलभरी कर पुनः यज्ञ स्थल पर दर्जनों श्रद्धालुओं ने पहुंचा फ़िर 24 घंटे का अष्टयाम मंगलवार को शुरू हुआ। इस अष्टयाम में आयोजन कर्ता हरिवंश राय, मिथिलेश राय,अशोक राय,संजय राय, सुदेश राय,मनोज राय, अजय एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहकर मां भगवती के वर्षगांठ के अवसर पर हरे राम हरे कृष्ण के अष्टयाम का शुभ आरंभ किया।

## सोनपुर आरपीएफ ने 40 अवैध तरिके से यात्रा कर रहे यात्रियों पर लगाया जुर्माना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर आरपीएफ ने महिला, दिव्यांग और एसएलआर कोच में नियमों की अनदेखी कर यात्रा कर रहे यात्रियों और अवैध वेंडरों पर कार्रवाई की। आरपीएफ निरीक्षक सुमन कुमारी के नेतृत्व में चले इस अभियान में 40 लोग पकड़े गए और उनसे कुल 12,900 का जुर्माना वसूला गया।उक्त बात के जनकारी देते हुए सुमन कुमारी ने बतायी कि सबसे ज्यादा मामले महिला कोच में सामने आए, जहां 26 यात्रियों से 7,800 वसूले गए जबकि एसएलआर कोच में 9 यात्री पकड़े गए जिनसे 1,800 और दिव्यांग कोच में एक यात्री से ?300 का जुर्माना लिया गया। बिना टिकट यात्रा कर रहे एक यात्री पर ?500 और तीन अवैध वेंडरों पर ?2,500 का फाइन लगाया गया है।

## इंडिया गठबंधन के लोगों के साथ बिहार बंद को सफल बनाने को लेकर की बैठक

### आज इंडिया गठबंधन के तरफ से बिहार बंद का किया गया आह्वान

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। मंगलवार को ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन एवं वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के खिलाफ 9 जुलाई बुधवार को बिहार बंदी को सफल बनाने हेतु विधायक कार्यालय, गजग्राह चौक सोनपुर में महागठबंधन की बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष बैधनाथ महतो एवं संचालन कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि सोनपुर विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने महागठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं से बिहार बंदी को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता गण सड़क पर शांति पूर्ण से प्रदर्शन करेंगे और महा गठबंधन के सभी लोग सड़क पर शांति पूर्ण आवाज उठाएंगे। वही लग्नदेव राय ने सभी कार्यकर्ता से अपील किया कि कल 9 जुलाई को सुबह 8 बजे विधायक डा रामानुज प्रसाद के साथ शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ेंगे साथ ही प्रदर्शन में असामाजिक तत्व पर नजर बनाये रखने की जरूरत है। कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो और सरकारी संपत्ति को नुकसान नहीं हो इसके अलावा आम जनता को परेशानी ना हो. इस पर भी विशेष ध्यान रखते हुए अपने हक अधिकार के लिए आवाज बुलंद करते हुए सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। बैठक में साधु यादव, मनोज कुमार यादव,मोहन साह, रमेश राय,राजकुमार राय,प्रमोद कुमार, गजेंद्र प्रसाद निराला,नागेंद्र दास, बच्चू राम,टोनी कुमार,देवकीनंदन चौरसिया,हरिचरण महतो, लगनदेव राय, हरेंद्र प्रसाद ,मोहित कुमार,उमेश पासवान,रत्नेश कुमार,प्रेम कुमार चौधरी,जितेंद्र सिंह,बृजभूषण ठाकुर ,प्रदीप ठाकुर, अवधेश महतो आदि उपस्थित थे।

# भिखारी ठाकुर के सम्मान में सांसद रूडी की पहल, पद्म भूषण की मांग

- भोजपुरी लोककला के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर को मरणोपरांत पद्म भूषण देने की मांग
- सांसद रूडी ने पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह को भेजे पत्र, ऑनलाइन भी अनुशंसा की
- रूडी संसद में भी उठाएंगे यह मुद्दा, बिहार के सभी सांसदों से हस्ताक्षर लेकर करेंगे संयुक्त प्रयास

### सांसद रूडी ने कहाः भिखारी ठाकुर को पद्म भूषण से अलंकृत करना राष्ट्र की कृतज्ञता होगी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि भोजपुरी के महान लोकनाटककार, समाजचेतक और पिछड़े वर्ग के गौरव स्व. भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत ÷पद्म भूषण÷ से अलंकृत करना राष्ट्र की सच्ची कृतज्ञता होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह को अलग-अलग पत्र भेजकर यह अनुशंसा की है। साथ ही अपनी ओर से इसे भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन भी सबमिट किया है।

इस संदर्भ में सांसद श्री रुडी ने कहा कि स्व. भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत पद्म भूषण दिलाने के इस प्रयास को वे संसद के आगामी सत्र में लोकसभा में भी पुरजोर ढंग से



उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए बिहार के सभी सांसदों से मिलकर उनके हस्ताक्षर भी लेंगे ताकि इसे एक संयुक्त प्रस्ताव के रूप में भारत सरकार के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी राजनीतिक दलों के सांसद इस सांस्कृतिक आग्रह में सहभागी बनकर भिखारी ठाकुर जी को यह गौरव दिलाने में सहयोग करेंगे।

सांसद श्री रूडी ने कहा कि भोजपुरी लोककला और संस्कृति के क्षितिज पर स्व. भिखारी ठाकुर वह अद्वितीय दीपशिखा हैं, जिन्होंने अपनी कलम और मंच की तपिश से समाज की कुरीतियों को झुलसा दिया और लोकमानस में जागरूकता की मशाल प्रज्वलित कर दी। उनके नाटक, 'बिदेसिया', 'बेटी-बेचवा', 'गबर घिचोर', 'विधवा विलाप' केवल मनोरंजन नहीं थे, बल्कि दहेज प्रथा, नारी उत्पीड़न, प्रवासी जीवन की वेदना और सामाजिक विद्रूपताओं पर तीखे प्रहार भी थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भिखारी ठाकुर जी ने उस युग में भोजपुरी भाषा को साहित्य और मंच की गरिमा दी, जब इसे केवल जनभाषा माना जाता था। उन्होंने अपनी मंडली के साथ गाँव-गाँव जाकर लोकमंच को परिवर्तन का तीर्थ बना दिया। उनके गीतों व नाटकों में करुणा की कोमलता और सुधार की कठोरता साथ-साथ गूँजती रही।

सांसद श्री रूडी ने कहा कि ऐसे लोकमर्मज्ञ, समाज सुधारक और भोजपुरी की अमर विभूति को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित करना न केवल उनके प्रति कृतज्ञ राष्ट्र की श्रद्धांजलि होगी, बल्कि हमारी लोकसंस्कृति को चिरंजीवी बनाए रखने की ऐतिहासिक पहल भी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निर्णय भोजपुरी समाज के करोड़ों लोगों के आत्मगौरव को भी नया संबल देगा।

## सुतिहारःकटसा रोड के चौड़ीकरण की मिली स्वीकृति, ग्रामीणों में हर्ष

### सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह को लोगों ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के सुतिहार मठिया मे सुतिहार-कटसा रोड का चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलने पर छपरा जाने के क्रम मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा एवं कृष्णानंद पांडेय का गाजे बाजे के साथ बड़ा माला और अंग वस्त्र से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल सहयोजक मोनू सिंह, महामंत्री सुमंत बाबा, भाजपा नेता पंकज सिंह, बिनोद शर्मा, वार्ड अनिल गुप्ता, गुड्डू सिंह, संतोष सिंह, उमेश महतो, अमन



कुमार, सोनू सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, मुन्ना सिंह कामेश्वर गुलाम, विनीता देवी, अनीता देवी, उमा देवी, रमेश सिंह, ध्रुपनाथ पाण्डेय, मनोज पंडित, राजेश कुमार, भोला तिवारी, बमबम अमित कुमार सहित बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो की यह रोड लगभग 30 करोड़ की लागत से बनेगा। इसके बनने से कई पंचायत सहित पूरे जिले के लोगो को इससे बनने से लाभ होगा। ग्रामीणों का काफ़ी दिन से सांसद राजीव प्रताप रूडी से रोड चौड़ीकरण की मांग था, जिसको उन्होंने गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री से बात कर कार्य को कराने की दिशा में प्रयास से आज रोड का मुख्यमंत्री सड़क योजना से स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र मे खुशी का माहौल है। सभी लोगो ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया।

## रसूलपुर के योगियां सीआरसी की बालिकाएं मशाल में कबड्डी की बनी विजेता



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** एकमा बीआरसी स्तर पर मंगलवार को हुई खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया. प्रखंड कार्यालय मुख्यालय में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में रसूलपुर थाना क्षेत्र के योगियां हाईस्कूल सीआरसी की बालिकाएं विजेता बन जिला स्तरीय खेल में भागीदार बनने का रास्ता प्रसस्त कर लिया. कबड्डी की विजेता टीम में शामिल आर एन हाईस्कूल योगियां और असहनी मध्य विद्यालय की छात्राएं खुशबू ,आर्या , इसरत, कल्पना, अदिति, जोनी, गुड़िया, खूशबू शामिल थीं. प्रधानाचार्य लाल बाबू यादव ने बताया कि खेल शिक्षक विहीन स्कूल छात्राओं ने लाइब्रेरियन कर्पुरी ठाकुर व युवा रात्रिप्रहरी शिवकुमार यादव द्वारा विशेष प्रशिक्षण के बल पर पहले घुरापाली और एकसार सीआरसी की छात्राओं को शिकस्त देते हुए फाइनल में परसागढ़ हाईस्कूल को रौंद डाला. मौके पर सीआरसी से शिक्षिका कामिनी सिंह, कुसुम , कुमार प्रिंस ,आसिफ इकबल ,रामेश्वर गोप,प्रदीप ,प्रत्युष मिश्रा ,अनवर आदि शिक्षक -शिक्षिकायें मौजूद रहे.

### स्वच्छता को लेकर जागरुकता वाहन को हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

**मढ़ौरा (सारण)।** नगर क्षेत्र में स्वच्छता को बेहतर करने और इसके लिए आम लोगों? को जागरुक करने को लेकर नपं प्रशासन में जागरुकता वाहन निकाला। जागरुकता वाहन को अनुमंडल कार्यालय परिसर से एसडीओ निधि राज डीसीएलआर धनंजय त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बीडीओ सुधीर कुमार, इओ बबलू कुमार उपमुख्य पार्षद धीरज कुमार सहित नपं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे। एसडीएम में निधि राज ने कहा कि स्वच्छता और स्वच्छ आदत दोनों जरूरी है। इसे अपना कर स्वयं और समाज को काफी हद तक बिमारियों से बचाया जा सकता है। इसके लिए सभी लोगों की सहभागिता की जरूरत है। कहा कि इसे लोगों तक पहुंचाने और उन्हे जागरुक करने में यह जागरुकता वाहन सहायक बनेगा। नपं इओ बबलू कुमार ने बताया कि पूरे नगर क्षेत्र में स्वच्छता वाहन मुभेवल होगा। इसके साथ नुक्कड़ नाटक का एक दल भी होगा। वाहन सभी वार्ड और नगर क्षेत्र के स्कूलों में घुम घुम कर स्थानीय लोग और बच्चों को जागरूक करेगा। कहा कि नई जेनरेशन को स्वच्छ आदतों को सिखाना है इसलिए स्कूलों में बच्चों के बीच स्वच्छ आदतों की जानकारी दी जाएगी।

## बिहार बंदी को लेकर संध्या में मशाल जुलूस निकाला गया

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** रास्ट्रीय जनता दल द्वारा आहूत बिहार बंद को लेकर मशाल जुलूस निकाला गया । मालूम हो कि मतदाता पहचान पत्र में सुधार के नाम पर निर्वाचन आयोग द्वारा कई तरह की औपचारिक दास्तवेज की मांग की जा रही है जिसके विरोध में राजद द्वारा बिहार बंद का आह्वान किया गया है । राजद के वरिष्ठ नेता अजय राय के नेतृत्व में मकेर थाना से होते हुए महाबीर चौक पर मशाल जुलूस निकाला गया है जिसमे प्रखंड अध्यक्ष वकील राय ,गुड्डू राय ,राजू राय ,मोहम्मद इकबाल मिंटू मुन्ना, मनीष कुमार शियाराम राय सहित सैकड़ो राजद के कार्यकर्ता मौजूद थे।



## एकमा में प्रखंड स्तरीय मशाल कार्यक्रम के तीसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** प्रखंड संसाधन केंद्र, एकमा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय ÷मशाल कार्यक्रम÷ के तहत मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में तीसरे दिन दिवसीय कबड्डी खेल प्रतियोगित आयोजित हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र समन्वयक योगेंद्र बैठा ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व में नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के गौसपुर, एकमा, एकसार, योगिया, रसूलपुर सहित विभिन्न सीआरसी के चयनित अंडर-14 एवं अंडर-16 वर्ग के बालक-बालिकाओं की अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने कड़ी प्रतिस्पर्धा व दांव-पेंच कर प्रतियोगिता में जोर-आजमाइश दिखाई।बीडीओ डॉ अरुण कुमार व बीईओ योगेंद्र बैठा ने बताया कि इस मसाल कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की प्रतिभा को खेल गांव तक पहुंचना है। खेल प्रतियोगिता के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरजीत सिंह, डॉ विवेक कुमार प्रसाद, बीएचएम वाहिद अख्तर, एंबुलेंस सर्विस में विक्की कुमार आदि ने खिलाड़ियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी। वहीं निर्णायक मंडल व सहयोग हेतु टीम में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, मोहम्मद तौकीर अंसारी, कुमार रश्मि रंजन, राजेश कुमार, अनिल कुमार सिंह, अमितेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, विनय कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, आनंद कुमार प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजू कुमार सिंह, वसंत कुमार शर्मा, प्रत्युष कुमार मिश्र, अनवर हुसैन, श्याम वीर कुमार, किसलय कुमार, पप्पू कुमार, जुली कुमारी, राज मोहम्मद अंसारी, अरुण कुमार यादव, विकास सिंह, अनवर हुसैन, नसीम अंसारी, श्याम वीर, सुनीता कुमारी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले बालक-बालिकाओं का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान क़े तहत कसमर से निकाली साईकिल रैली

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधानसभा 122 के अंतर्गत कसमर पंचायत के राम भजन सिंह आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण से जदयू क़े सोनपुर विधानसभा प्रभारी देव शंकर पाल के उपस्थिति में पार्टी क़े प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद भारती के नेतृत्व में जदयू क़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने साईकिल से गांव-गांव पहुँच कर मतदाता को अपना मत अपना अधिकार क़े याद दिलाते हुए जागरूकता साईकिल रैली मंगलवार को निकाली । इस मौके पर राज्य परिसद सलाहकार संतोष कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने नारा दिया कि -फर्जी मतदाता का नाम जूटे नहीं, योग्य मतदाता का नाम छूटे नहीं। हर घर तक हम जाएंगे मतदाता को जगाएंगे क़े नारे क़े साथ साईकिल रैली में शामिल होकर प्रत्येक पंचायत में घूम घूम कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। सोनपुर विधानसभा प्रभारी देव शंकर पाल ने कहाँ कि साइकिल रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और नए मतदाताओं को मतदान के अधिकार और उसकी महत्ता के प्रति जागरूक करना है। जबकि पार्टी क़े प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर भारती ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड पार्टी के साथियों द्वारा सोनपुर प्रखंड क़े 23 पंचायत में पार्टी क़े कार्यकर्ताओ अपने अपने पंचायत क़े पांच बूथ स्तर क़े मतदाताओं को साइकिल रैली क़े माध्यम से मतदाता को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पूर्व सलाहकार परिषद सदस्य प्रियदर्शी कुमार चौरसिया के द्वारा साईकिल रैली की व्यवस्था किया गया था। आनंद किशोर सिंह ने मतदाता जागरूकता साईकिल रैली जो सोनपुर प्रखंड के सभी 23 पंचायत से बूथ स्तरीय कमिटी क़े सदस्य साइकिल रैली में शामिल होकर सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक रैली को सफल बनाय। इसके लिए पार्टी के सभी साथियों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया । इस रैली में सम्मिलित होने वाले साथियों में आनंद किशोर सिंह , राज्य परिषद सलाहकार सदस्य संतोष सिंह,भगवान दास जिला उपाध्यक्ष सहित जदयू क़े दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर एसडीओ, डीएसपी ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सावन महीने में प्रखंड के शिल्हौड़ी स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में पूजा, भीड़ व श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर एसडीओ सह मंदिर प्रबंध कमेटी की अध्यक्ष निधि राज ने बैठक की। डीएसपी नरेश पासवान की मौजूदगी में मंदिर प्रबंध कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। एसडीएम ने सावन महिनें में पहुंचने वाली भीड़ के साथ मंदिर की व्यवस्था की जानकारी ली।कहा कि मंदिर में पुरुष श्रद्धालुओं के साथ महिला श्रद्धालुओं के लिए भी अलग से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। वही सावन शुरू होने से पहले मंदिर परिसर में पर्याप्त सीसी कैमरा लगाने की भी बात कही। कमेटी के सदस्यों से सावन महिने को श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए अन्य जरूरी काम के बारे में पूछा और महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मंदिर प्रबंध कमेटी के कार्यकलाप से नाखूस दिखी और इन्हे मंदिर हीत में काम करने की चेतावनी दी। कहा को सावन महिने में पुलिस बल और मंदिर स्वयं सेवक सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सावन महिने में शिल्हौड़ी मंदिर में आने वालें लोगों को असुविधा नही हो और वे सुलभता से जलाभिषेक कर सके इसके लिए काम करने की आवश्यकता है। इस दौरान मंदिर कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

# कांडों में फरार वांछित कुल 14 अभियुक्तों के घर पर सोनपुर पुलिस ने डुगडुगी बजाकर चिपकाए इश्तहार

### आरोपित आत्म समर्पण कर दें नहीं तो घर की होगी कुर्की जप्ती- थाना अध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना अंतर्गत अलग --अलग पंचायत में हत्या,रूपये गबन, दहेज हत्या, पुलिस पर हमला सम्बंधित कांडों में फरार वांछित कुल 14 अभियुक्तों के विरुद्ध विधिवत इश्तहार की कार्रवाई की गई। एक बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने मंगलवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक सारण के दिशा निर्देश के अनुसार दहेज हत्या,पुलिस पर हमला, पैसे गवन, हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को घर पर इतिहास चिपकाते हुए जल्द आत्मसमर्पण करने के लिए निर्देश जारी किया गया है अगर आरोपित आत्म समर्पण नहीं करते हैं तो उनक़े घर क़े कुर्की जप्ती की जाएगी। थाना अध्यक्ष ने बताया कि होली के दिन दूधैला निवासी मंटू गोप सहित अन्य उनके सदस्यों ने पुलिस पर हमला कर दिया था जिसमें पुलिस ने मंटू गोप एवं राम जी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य आरोपित जो फरार चल रहे हैं जिसमें रोहित राय, सिकंदर गोप, मनोज राय के घर पर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाए है वहीं दूसरी ओर सबलपुर हस्ती टोला में एक वर्ष पहले एक युवक को प्रेम प्रसंग के मामले में हत्या कर भिंडी के खेत में फेंक दिया गया था जिसमें आरोपित फरार चल रहा हैं। फरार चल रहे आरोपित दीपू कुमार, श्याम नारायण राय, रंजन राय के घर पर इश्तहार चिपकाए गया है वही सैकड़ो ग्रामीणों ने सीएसपी में पैसा जमा करता था जहां नजरमीरा पंचायत निवासी रवीश कुमार जो सीएसपी संचालक था। उसने सैकड़ो ग्रामीण के धोखाधरी कर लाखों रूपये को गमन कर फरार हो गया। इस कांड में कुछ आरोपित को जेल भेजा गया है जिसमें सीएसपी संचालक रवीश कुमार फरार चल रहा है. इसके घर पर इश्तिहार चिपकाए गया है जबकि 2021 में भरपुरा में दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे ओम सहनी के घर सहित कुल 14 आरोपित क़े घर पर पहुंचकर डुगडुगी बजवाकर पुलिस ने माइकिंग क़े द्वारा गांव के लोगों के सामने जानकारी दिया गया कि आरोपित आत्म समर्पण कर दे अगर आरोपित आत्म समर्पण नहीं करते हैं तो माननीय न्यायालय से आदेश निर्गत कराकर उनके घर की कुर्की जप्ती की जाएगी।

# गंडक नदी में गिरने के बाद 20 किलोमीटर तक बहती रही लालगंज की महिला, युवकों ने बचाई उसकी जान

**संजीत कुमार।**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** वैशाली जिले के भगवान पकड़ी गांव की प्रभु शाह की पत्नी 50 वर्षीय धर्मशिला देवी जो मंगलवार को गंडक नदी किनारे पैर फिसल गया, जिससे वे नदी में गिर पड़ीं और बहते-बहते करीब 20 किलोमीटर दूर सोनपुर के कल्याणपुर पंचायत के बैजलपुर जड़भरत स्थान के निकट तक पहुंच गईं। गंडक के बढ़ते जलस्तर में हाथ पाँव मारते हुए आगे की ओर बढ़ रही थीं जिसे बढ़ते गंडक नदी डूबती महिला को देखकर बैजलपुर गांव के छोटू चौधरी के पुत्र कर्ण कुमार सहित कुछ युवकों ने तुरंत नदी में छलांग लगाई और अपनी जान जोखिम में डालकर उन्हें बाहर निकाला। युवकों की सतर्कता और साहस से महिला की जान बच सकी। युवकों ने टोटो को बुलाकर महिला को तुरंत सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है। सूचना मिलने पर 112 नंबर के हरिहरनाथ थाना की टीम पहुंची और इलाज के बाद महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।थाना अध्यक्ष स्वर्ण सुप्रिया, सरपंच भरत सिंह ने बताया कि महिला को सुरक्षित घर पहुंचा दिया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने युवकों की बहादुरी की सराहना करते हुए कुंदन कुमार, हर्ष कुमार, सूरज कुमार, विकेश कुमार, शिवाकांत सिंह ने अहम भूमिका निभाया है। स्थानीय लोगो ने सम्मानित करने की मांग की है। डूबती हुई महिला धर्मशिला देवी सहित परिजनो ने साहसी बच्चों को धन्यवाद देते हुए उन्हें लंबी आयु प्रदान हो इसके लिए ईश्वर से आराधना किया।यह घटना साबित करती है कि जब भगवान साथ हो और इंसान में हिम्मत हो, तो कोई भी संकट पार किया जा सकता है।



## आर एस ए ने मनाया स्थापना दिवस

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मंगलवार को आर एस ए की स्थापना दिवस लक्की पैलेस छपरा में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर सिंह, प्रिंस सिंह, राकेश सिंह, उज्जवल कुमार सिंह, मनीष पांडे मिंटू, विशाल सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक आशीष यादव उर्फ गुलशन यादव ने किया. कार्यक्रम का संचालन संयोजक विकास सिंह सेंगर ने किया। जबकि स्वागत भाषण प्रमेन्द्र सिंह कुशवाहा ने की। धनबाद ज्ञापन परमजीत सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम प्रारंभ अतिथियों के स्वागत में आर एस ए की छात्रा इकाई ने स्वागत गीत गाकर किया। वक्ताओं ने कहा कि आर एस ए 16 वर्षों से छात्र-छात्राओं के मूल समस्या को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। आर एस ए की पहचान भ्रष्ट पदाधिकारी के विरुद्ध संघर्ष करके हैं। संगठन लगातार प्रवेश,पढ़ाई,परीक्षा और परिणाम के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और उसमें सफलता भी मिली है। अभी वर्तमान में जो विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य कर रहा है वह कहीं से सारण प्रमंडल के छात्र-छात्राओं के हित में कार्य नहीं कर रहा है। लगभग डेढ़ वर्षो में विश्वविद्यालय के इंटरनल फंड से 17 करोड़ रूपया का निकासी हुआ है लेकिन विश्वविद्यालय के विभाग में एवं महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं का ताला नहीं खुला. प्रयोगशालाएं धूल फांक रहा है महाविद्यालय में खेल के और संगीत की घंटी बजना बंद हो गए।

## एक ही स्थान पर दो-दो यात्री शेड, सरकारी राशि का दुरुपयोग या प्रशासनिक लापरवाही !

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय के समीप सीतलपुर परसा सड़क मार्ग पर एक अजीब स्थिति देखने को मिल रही है। एक ही स्थान पर दो-दो यात्री प्रतीक्षालय (बस पराव/शेड) बना दिए गए हैं। पहले से ही वहां एक मजबूत और चारदीवारी युक्त यात्री शेड मौजूद था, जिसे अब प्रशासन ने पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। वर्तमान में वह स्थल सिर्फ आवारा कुत्तों का अड्डा बनकर रह गया है।पहले से बनी संरचना की मरम्मत, रंग-रोगन और सफाई कराकर उसे बेहतर रूप दिया जा सकता था, लेकिन इसके बजाय प्रशासन ने उसके बगल में एक नई बस पराव बना दी। सवाल यह उठता है कि क्या यह सरकारी राशि का दुरुपयोग नहीं है?स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पहले वाला शेड चारों ओर से सुरक्षित और कमरेनुमा था, जिससे उन्हें भी लाभ मिलता था। लेकिन अब प्रशासन की इस नई व्यवस्था से उनका रोजगार प्रभावित हुआ है। उनका यह भी आरोप है कि प्रशासन ने झूठी सूचना फैलायी कि यहां पर अब एक व्यवस्थित बस स्टैंड बनाया जाएगा, लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले वाला यात्री शेड अगर थोड़ी मरम्मत और सफाई के बाद उपयोग में लाया जाता, तो नए निर्माण की जरूरत ही नहीं पड़ती। लेकिन अफसोस की बात यह है कि प्रशासन इस विषय पर पूरी तरह मौन है।स्थानीय राजद नेता अलबेला राय,राजनाथ राय,कामेश्वर राय सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुराने यात्री शेड को पुनः व्यवस्थित कर उपयोग में लाया जाए और इस तरह के अनावश्यक निर्माण कार्यों से बचा जाए, जिससे सरकारी धन की बर्बादी न हो।

## शिव भक्तों की सेवा के लिए छपरा से पहला जत्था रवाना




**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**सरायबक्स स्थित महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल से मंगलवार को सावन महीने में सुल्तानगंज से देवघर जलाभिषेक करने जा रहे शिव भक्तों की सेवा के लिए सामानों से लदी ट्रक और 50 सेवादारों की टीम एक अन्य वाहन रवाना हुई। संस्थापक श्रीधर बाबा ने बताया कि कांवरिया पथ में बांका जिले के कटोरिया के तिलैया गांव में मुख्य मार्ग और कांवरिया पथ के बगल में देवरहा बाबा श्रीधर दास कमरिया छपरहिया सेवा आश्रम है। जिसमें प्रत्येक वर्ष पिछले तीन दशक से प्रत्येक साल छपरा जिलावासियों के सहयोग से भंडारा दवा रहने खाने सभी प्रकार की सुविधा निःशुल्क मिलती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने शिव भक्तों की सेवा शुरू किया इसके बाद उनके साथ लोग जुड़ते गए और आज ट्रक और अन्य वाहनों से लोगों के सेवा के लिए समान और सेवादारों को भेजा गया मौके पर विजय बाबा, दीपक कुमार , मेघनाथ प्रसाद, अमरनाथ शाह मुकेश शर्मा संतोष ठाकुर विकास शाह संतोष राय सागर राय शत्रुघन भगत जितेंद्र शाह दीनानाथ राय रंजन प्रसाद हरेंद्र सिंह गणेश सिंह सहित अन्य भक्ति शामिल थे।

## बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल व्यापार के विरुद्ध जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय में नारायणी सेवा संस्थान के सौजन्य से बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल व्यापार के विरुद्ध छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर कार्डिनेटर अखिलेंद्र सिंह के नेतृत्व में छात्राओं को बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल श्रम को रोकने के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नम्बर 1098, पुलिस हेल्पलाईन नम्बर 112 के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में सूचना देने वाले का नाम हमेशा गोपनीय रखी जाती है। बाल विवाह को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन अनुमण्डल अधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष को भी सूचना देकर बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों को रोकी जा सकती है। बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन, शोषण सिर्फ सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध है।

## मशाल प्रतियोगिता के तहत साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर से मशाल खेल प्रतियोगिता के तहत साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड स्तरीय विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक संजय कुमार सिंह, सरपंच बिनोद प्रसाद, रहमत अली मंसूरी, विजय कृष्ण त्रिपाठी समेत अन्य शामिल रहें। साइकिल रेस प्रतियोगिता में छात्रों के लिए थाना परिसर से चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज और छात्राओं के थाना परिसर से चैनपुर महावीर मंदिर परिसर तय किया गया था। शिक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि साइकिल रेस प्रतियोगिता में अंडर -14 में बालिका वर्ग में प्रथम स्नेहा कुमारी,बालक वर्ग में प्रथम पुरूषोत्तम कुमार और बालक वर्ग में अंडर - 16 में प्रथम बालिका वर्ग से रितिका कुमारी , बालक वर्ग में सोहिल अली घोषित किए गए।

## एसबीआई में पेंशनर समाज की बैठक, नई तकनीक की जानकारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बैंक के पदाधिकारियों के साथ पेंशनर समाज की बैठक हुई। इसमें पेंशनर्स को शाखा प्रबंधक शशी शेखर ने बैंकिंग के प्रोडक्ट की जानकारी दी गई और उन्हें नई तकनीक की भी जानकारी दी गई। बैठक में पेंशनधारियों को डिजिटल इंडिया और लोन की जानकारी दी गई। मौके पर पेंशनर द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब बैंक कर्मियों द्वारा दिया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक शशी शेखर ने सभी पेंशनरों का स्वागत किया। वहीं बैंक की तरफ से क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार, लेखापाल अभिषेक कुमार, सीनियर क्लर्क विपिन सिंह, पाकीजा समेत पेंशनर सेवानिवृत्त प्राध्यापक राम जीवन सिंह जीवन, राजेन्द्र प्रसाद




कुशवाहा, शुभनारायण सिंह, शम्भू नाथ सिंह, सुरेन्द्र नाथ सिंह,नवलीन ठाकुर, धीरेन्द्र सिंह, रामेश्वर तिवारी, संजय आर्मी, प्रियांशु कुमार, आदित्य तिवारी , त्रिभुवन सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामजीवन सिंह जीवन ने कहा कि बुजुर्ग पेंशनरों का विशेष ख्याल बैंकों में रखा जाए। ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पेंशनर्स को अलग से बैठने की सुविधा प्राप्त होनी चाहिए। उन्होंने बैंक के व्यवहार एवं कार्य प्रणाली को बहुत अच्छा बताकर बैंक की कार्य प्रणाली की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक शशी शेखर सहित उनकी पूरी टीम का आभार प्रकट किया गया।इस अवसर पर एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने पेंशनरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेंशनरों को बैंक द्वारा हर संभव सहायता और सहयोग दिया जायेगा।

## साइकिल रैली के जरिए जदयू ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाधार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को साइकिल रैली निकाल मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप महंतों, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष मो अब्बास अली समेत नागेन्द्र सिंह, प्रभुनाथ महंतों, भरत प्रसाद, महाचन्द्र नट समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर साइकिल रैली निकाल गांवों में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की सफलता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइकिल रैली का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और नए मतदाताओं को मतदान के अधिकार और उसकी महत्ता के प्रति जागरूक करना है।

## अलग अलग क्षेत्रों में गले में फंदा लगाकर एक युवक एवं एक युवती ने की खुदकुशी

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** अमनौर में मंगलवार को थाना क्षेत्र के दो अलग अलग क्षेत्रों में गले में फंदा लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है. जहां एक ओर अमनौर के धर्मपुर जाफर गांव में गले में फंदे डाल एक 18 वर्षीय युवती पेड़ से लटकी हुई मिली वहीं तरवार पंचायत स्थित जहरी पकड़ी गांव में एक 22 वर्षीय युवक का शव उसके घर से कुछ दूर एक बगीचा में पेड़ से लटका हुआ पाया गया. इस खबर वायरल होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जहां शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं पुलिस प्रशासन दो अलग अलग जगहों पर हुए इस घटना की तहकीकात में जुट गई है. पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया है. जबकि इस मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.धर्मपुर जाफर में हुई घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बांदे गांव निवासी स्व.अनीस मियां की 18 वर्षीय पुत्री शबाना खातुन सोमवार की रात 8 बजे से अपने घर से गायब थी. जिसे मंगलवार की अहले सुबह स्थानीय लोगों ने उसका शव धर्मपुर जाफर निवासी ओम गिरी के मकान के बाउंड्री में एक पेड़ से लटका हुआ पाया. जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंच घटना की तहकीकात में जुट गई. गर्दन में फांसी लगाकर अपने दुपट्टे से लटकी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया. वहीं उस मकान में किराये पर रह रहे एक युवक रोहन मांझी को पुलिस ने हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है. कुछ लोग यह भी बता रहे हैं कि मामला प्रेम प्रसंग का है. मृतक की माँ मेंहरून निशा ने बताया कि कल रात आठ बजे से घर से गायब थी हमलोग समझे कि मेरे दूसरे घर में सोने चली गई है. परंतु सुबह लोगों द्वारा इस घटना के बारे मे जानकारी मिली है. यह कैसे हुआ हमलोग कुछ नहीं जानते हैं.

दुसरी तरफ तरवार पंचायत स्थित जहरी पकड़ी गांव के बधाई राय के 22 वर्षीय पुत्र बीरेन्द्र राय का शव फंदे से लटका मिलने से परिजनों में हाहाकार मच गया. बीरेन्द्र राय का शव उसके घर से कुछ दूर एक बगीचा में पेड़ से लटका हुआ पाया गया. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अमनौर पुलिस को दी जहां थानाध्यक्ष कुंदन कुमार एवं मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया.मृतक माता-पिता का एक ही संतान था. दिसंबर 2024 में इसकी शादी हुई थी और वह ड्राइविंग करता था. जबकि उसके पिता घर पर ही राशन का दुकान चलाते थे. इस घटना से परिवार के सभी सदस्य हतप्रभ है कि यह कैसे हो गया. शव को देख मृतक की पत्नी तथा अन्य परिजन का रो रो कर बुरा हाल हो गया. पुलिस पदाधिकारी इस मामले को लेकर प्रथम दृष्टा प्रेम प्रसंग बता रहे हैं. डीएसपी नरेश पासवान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना : जिले के 20 मछुआरों को मिला मत्स्य विपणन किट, जीविकोपार्जन में मिलेगा बल - जिला मत्स्य पदाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।**मछुआरों की आय को बढ़ावा देना और उन्हें मत्स्य व्यापार में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सारण जिला मुख्यालय स्थित जिला मत्स्य कार्यालय परिसर में मंगलवार को 20 लाभुक मछुआरों के बीच मत्स्य विपणन किट का वितरण किया गया। यह वितरण प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने किया। विपणन किट में आइस बॉक्स, तौल मशीन, प्लास्टिक टब, दस्ताने, मास्क, साफ- सफाई की सामग्री आदि शामिल हैं। इन किटों के माध्यम से मछुआरे अब मछली को बेहतर तरीके से संग्रहित और बाजार तक पहुंचा सकेंगे। इससे न केवल मछलियों की गुणवत्ता बनी रहेगी, बल्कि बाजार में उचित मूल्य भी प्राप्त होगा। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लाभान्वित मछुआरों को सरकार और विभाग का आभार प्रकट किया गया।

जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मत्स्य विक्रेताओं जो सड़क के किनारे, चौक चौराहा, बाजार या हाट सहित विभिन्न जगहों पर मत्स्य विपणन का कार्य करते हैं, उसे लाभान्वित किया जाना है। ऑनलाइन से प्राप्त आवेदन को चयनोपरांत जिले के लगभग दो दर्जन लाभुकों के बीच मत्स्य विपणन किट का वितरण किया गया है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों मिलकर मछुआरों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं, जिनका लाभ समय-समय पर सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। इस किट के माध्यम से उन्हें मछली बेचने में सुविधा मिलेगी और आय में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित मछुआरों को मत्स्य व्यवसाय में साफ-सफाई और गुणवत्ता बनाये रखने पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उक्त योजना के तहत चयनित मछुआरों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि किट का सदुपयोग करते हुए मत्स्य विपणन को सुदृढ़ कर सकें। विपणन किट प्राप्त करने वाले लाभुकों में चिरकुट महतो, हरेंद्र मांझी, मोतीलाल राम, रमेश प्रसाद, लाल बिहारी प्रसाद, कृष्णा शाह सहित कई अन्य शामिल रहे।



## समारोह आयोजित कर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को दी गई विदाई

**महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित किसान भवन परिसर में सोमवार को समारोह आयोजित कर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुस्तफा अंसारी को विदाई दी गई। साथ ही उनके कार्यकाल की सराहना की गई। इस दौरान नवनियुक्त अनुमंडल कृषि पदाधिकारी आनंद चौधरी का स्वागत किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार ने आगंतुक पदाधिकारी का माला व बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मुस्तफा अंसारी का कार्यकाल प्रेरणास्रोत रहा। उनका सहयोग हमारे लिए यादगार रहेगा। नए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सहकर्मियों के साथ सामंजस्य बिठाकर कार्य करने का प्रयास करूंगा। किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान होगा। इस मौके पर सहायक निदेशक पौधा सरंक्षण प्रशिक्षु बीएओ आदित्य पल्लव, कार्यक्रम संयोजक कृषि समन्वयक गुड्डू श्रीवास्तव, अनुमंडल लेखापाल राजेश कुमार पंकज सहित सभी कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार उपस्थित थे। ज्ञात हो कि पूर्व अनुमंडल कृषि पदाधिकारी का स्थानांतरण अन्यत्र हो गया।

## शिव आराधना से सुख एवं समृद्धि की होती है प्राप्ति – शैलेश गुरु

**दारौंदा (सिवान)।** हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष 2025 में श्रावण मास का प्रारंभ 11 जुलाई से हो रहा है, जो नौ अगस्त शनिवार तक चलेगा। पूरे 30 दिन चलने वाला यह महापर्व इस बार अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों के साथ आ रहा है। इस बार श्रावण मास में चार सोमवार, दो बार श्रवण नक्षत्र और कई विशेष शुभ योग पड़ने वाले हैं, जिससे यह मास और भी पुण्यदायी बन गया है। यह जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य शैलेश गुरु महाराज ने बताया कि श्रावण मास चंद्र प्रधान होता है और चंद्रमा जल तत्व का ग्रह है, जो न केवल वातावरण में नमी लाता है, बल्कि मनुष्य के मानसिक और भावनात्मक पक्ष को भी प्रभावित करता है। यही कारण है कि श्रावण मास में शिव आराधना अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस बार सूर्य देव 16 जुलाई को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। शिवपुराण की विद्येश्वर संहिता के अनुसार जब सूर्य कर्क राशि में होते हैं, तब शिव और अंबिका की संयुक्त पूजा विशेष फल देती है। इस समय की गई शिव भक्ति से मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं।

## 36 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चैनपुर (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने मोरवन पुल के समीप छापेमारी कर 36 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके विरुद्ध प्राथमिकी कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित सारण के मांझी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी अमरनाथ पांडेय बताया जाता है।

## शराब मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** थाना पुलिस ने सिसवन गांव में छापेमारी कर शराब मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सिसवन निवासी विजय साहनी के रूप में हुई है।

## प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**सिवान।** शहर के कसेरा टोली चौक स्थित साधु जी कसेरा के आशियाना में छह जुलाई को बज्म-ए- अनवर के सौजन्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो बिहार के तहजीब को अनुशासन, सभ्यता और कौमी एकता का प्रतीक रहा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें कागजी मोहल्ला दिलशेर खान के ताजिया को प्रथम, इरफान और मोमताज अहमद द्वितीय स्थान तथा बिंदुसार के बच्चा पाटी को तृतीय स्थान होने पर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर धीरु चौधरी, कांग्रेस प्रदेश सदस्य बिहार के आफताब अनवर, नरसिंग कसेरा, सीमरन अनवर, शबरीन अनवर, सोनू मौलवी आदि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरुकता को लेकर जदयू ने निकाली साइकिल रैली

**आंदर (सिवान)।** चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में जदयू कार्यकर्ताओं जागरुकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष कुंजबिहारी सिंह ने किया। रैली प्रखंड कार्यालय से आरंभ होकर आंदर बाजार होते हुए चिरइया मोड़ पर पहुंच संपन्न हो गई। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि इसका मकसद अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान मौके पर अली इमाम साईं, भुआल ठाकुर, गणेश गोंड़, नीरज कुमार, उमेश राम समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## पकड़ी में हरियाणा पुलिस ने की छापेमारी

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ के समीप सोमवार की देर रात हरियाणा से फरार युवती को बरामद करने के लिए हरियाणा पुलिस पहुंची। जहां महादेवा थाना के सहयोग से पकड़ी मोड़ के आसपास के सभी इलाकों में छापेमारी की गई, हालांकि फरार युवती को पुलिस बरामद नहीं कर पाई। इस मामले में महादेवा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि हरियाणा के पलवल थाना क्षेत्र में फरार युवती की प्राथमिक हुई थी। जांच के उपरांत उसका मोबाइल ट्रेस महादेवा थाना क्षेत्र का बता रहा था। जिसको लेकर हरियाणा की पुलिस पहुंची हुई थी। हालांकि लोकेशन में बताया गया उन सभी जगहों पर छापेमारी की गई लेकिन युवती की बरामदगी नहीं हुई है, अभी भी कार्रवाई चल रही है, छापेमारी देर रात तक हुई। आसपास के लोगों से भी पूछताछ किया जा रहा है।

## गोरेयाकोठी में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**सिवान।** जिले के गोरेयाकोठी ब्लाक में बुधवार को तीन घंटे बिजली की सप्लाइ बंद रहेगी। इस दौरान लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में गोरेयाकोठी के जेई शशि भूषण कुमार ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते बुधवार की सुबह दस बजे से दिन के एक बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान मेंटेनेंस का काम होगा। उन्होंने बिजली कटौती से पूर्व बिजली संबंधी कार्यों को पूरा कर लेने की अपील की है।

## चोरी की बाइक के साथ चार चोर गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बेतिया में छापेमारी कर चोरी की चार बाइक के साथ चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तारी में गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के काकड़कुंड निवासी नीरज सिंह, पश्चिमी चंपारण बेतिया जिला के नौतन थाना क्षेत्र के बरियारपुर निवासी अरविंद कुमार, पश्चिमी चंपारण बेतिया जिला के नौतन थाना क्षेत्र के श्यामपुर कोतराहा निवासी सचिन कुमार व गोपालगंज जिला के माझागढ़ थाना क्षेत्र के मधुसरेया निवासी विजय यादव है। इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नगर परिषद से एक बाइक की चोरी हुई है, जो बेतिया के नौतन थाना क्षेत्र में है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए बेतिया पुलिस की मदद से उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। आवश्यक कार्रवाई करते हुए बेतिया थाना के नौतन क्षेत्र से उक्त बाइक को बरामद कर जब्त किया गया। वहीं दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई।

## अनाथ छात्रा की निर्मम हत्या मानवता पर कलंक – ई. प्रमोद कुमार मल्ल

**सिवान।** विगत दिनों मैरवा के उपाध्याय छापर की 10 वर्षीया छात्रा खुशी कुमारी की निर्मम हत्या मानवता पर कलंक है। यह बातें मंगलवार को आपन सिवान के संयोजक ई. प्रमोद कुमार मल्ल ने मृत अनाथ छात्रा के बुआ से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी लेने के दौरान कही। उन्होंने एसपी से बात कर इस घटना में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। ई. मल्ल ने कहा कि असहाय लोगों से उनके पैतृक संपत्तियों को छीनने का दुस्साहस करने वालों के खिलाफ कानून के रखवाले कठोर कार्रवाई करें। इस अवसर पर राजेश ठाकुर, रामदेव राम, तुलसी पंडित, उमेश कुमार मल्ल, स्वामीनाथ, सुमित कुमार बैठा, रामेश्वर शर्मा, कौशल बर्णवाल आदि उपस्थित थे।

## महाराजगंज : टी–20 क्रिकेट के फाइनल में रामापाली ने गोहपुर को पराजित कर जमाया ट्राफी पर कब्जा

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के नौतन खेल मैदान में मंगलवार को टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल रामापाली बनाम गोहपुर टीम के बीच खेला गया। इसमें रामापाली की टीम ने गोहपुर को सात विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा जमा लिया। बताते हैं कि गोहपुर टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 201 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में खेलने उतरी रामापाली की टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इस प्रकार रामापाली की टीम सात विकेट से मैच जीत गई। विजेता व उपविजेता टीम को पूर्व विधायक हेमनारायण साह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य जनकदेव सिंह, असगर मस्तान, रंगलाल प्रसाद, सत्यदेव सिंह आदि उपस्थित थे।

# सिवानः पांच वर्ष से अधिक रहे पुलिस पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला में पांच वर्ष से अधिक रहे पुलिस पदाधिकारियों का सारण डीआइजी ने स्थानांतरण किया है। पुलिस अधीक्षक को आदेश दिया गया है कि स्थानांतरित सभी पुलिस पदाधिकारियों को भौतिक रूप से यथाशीघ्र प्रस्थान कराकर अनुपालन प्रतिवेदन से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। स्थानांतरित में जिले के कई थानाध्यक्ष शामिल है। इन लोगों का सारण व गोपालगंज में हुआ है। स्थानांतरित में एसआई शैलेंद्र कुमार राय, ललन सिंह-वन, परशुराम सिंह, विनोद कुमार-वन, अनिल कुमार सिंह-वन, गणेश चौहान, रामजी शर्मा, प्रवीण कुमार-वन, राम निवास ठाकुर, अशोक कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार-वन, प्रमिला कुमारी, शिव शंकर प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद भारती, इंदुमती टोप्पो, पंकज कुमार ठाकुर, एसआइटी प्रभारी विनोद कुमार सिंह-टू, सूरज प्रसाद, अभिमन्यु कुमार-वन, अमित वर्मा, जीबी नगर थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल, राकेश कुमार-टू, मनोज कुमार-टू, सुरेश प्रसाद सिंह, जीतेंद्र कुमार, शैलेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह-टू, जय प्रकाश सिंह, राजेश कुमार रंजन, विनोद कुमार-टू, सुजीत कुमार पासवान, सुनील कुमार ठाकुर, चंद्र प्रकाश पासवान, रेणुका सिन्हा, राज दयाल कुमार, उपेंद्र कुमार, कामाख्या प्रसाद, योगेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार भारती, विष्णुदेव कुमार रंजन, राज कुमार मिश्रा, जगनारायण राय, विद्यासागर साह, एमडी निसार आलम, राज कुमार कश्यप, विपिन कुमार महतो, हरिवंश यादव, उमेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कुंदन कुमार पांडेय, पचरुखी थानाध्यक्ष सन्नी कुमार रजक, अभिनंदन यादव, नौतन थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान, राकेश कुमार सिंह-टू, अनुराधा कुमारी, संतोष राम, भारती कुमारी-वन, नीलम कुमारी, अनिता सिन्हा, दीप्ति कुमारी, नेहा कुमारी-वन, डाली कुमारी-वन, प्रिया पंडित, मुन्नी कुमारी, श्वेता कुमारी, कुमारी वंदना, सोनी कुमारी-वन, कंचन कुमारी, अलका आकृति, स्वाति कुमारी, रजनी कुमारी, चंदानी कुमारी-वन, मेनिका कुमारी, अर्चना कुमारी-वन, भारती कुमारी-टू, गीतांजलि कुमारी, अर्चना कुमारी-टू, सोनम कुमारी, निधि कुमारी, आकांक्षा कुमारी, खुशबू कुमारी-वन, पिंकी कुमारी, नेहा कुमारी-टू, कुमार गौरव सिन्हा, मनीष कुमार मंडल, विरजू कुमार, संजीप कुमार मेहता, रोहित कुमार, मिथिलेश मांझी, धर्मेंद्र कुमार-टू, रौशन कुमार, थानाध्यक्ष महादेवा थाना निर्भय कुमार, थानाध्यक्ष राज शेखर, थानाध्यक्ष संजीत कुमार, मोहित मोहन, अजीत कुमार, श्रवण कुमार पाल, विजय सिंह, भरत शाह, धर्मेंद्र कुमार-वन, अंकित कुमार ओझा, विनायक , एसआई प्रदीप कुमार, अंजूर अकेला, मुकेश कुमार-टू, राहुल कुमार सिन्हा, पंकज कुमार पांडेय, विकास कुमार, राहुल भारती, राकेश कुमार सिंह, ललन कुमार-टू, विनीत विनायक, हृदयानंद राम, शंकर पासवान, रवींद्र कुमार यादव, पंकज कुमार चौधरी, विशाल कुमार, विजय कुमार, गजेंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार-वन शामिल हैं।

## मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन का बिहार बंद आज

**सिवान।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के खिलाफ विपक्षी महागठबंधन ने बड़ा आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। इंडिया महागठबंधन ने ट्रेड यूनियन के हड़ताल का समर्थन करते हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को जनविरोधी बताते हुए बुधवार को संपूर्ण बिहार बंद के साथ-साथ देशव्यापी चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। ई विपिन कुशवाहा ने चुनाव आयोग पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं को वोट देने के अधिकार से वंचित करने की एक साजिश है। कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश है। जनता को इसका प्रतिकार करना होगा। भाकपा (माले) विधायक अमरजीत कुशवाहा व सत्यदेव राम ने संयुक्त रुप से कहा कि पहले लाठी से वोट देने से रोका जाता था, अब आयोग की कलम से लोकतांत्रिक अधिकार छीने जा रहे हैं। हमलोग नौ जुलाई को सड़क पर उतरकर इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के जरिए जनता की नागरिकता पर ही सवाल खड़े किए जा रहे हैं। आयोग को तुरंत इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि यह मतदाता सूची की सफाई नहीं, बल्कि वोटबंदी है। यह संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है। जनता को गुमराह नहीं होने देंगे। सभी घटक दलों ने सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि यह पुनरीक्षण कार्यक्रम पूर्वनियोजित है और इसके जरिए लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 9 जुलाई को किया जाने वाला चक्का जाम पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा और संविधान के दायरे में रहकर जनता को इस साजिश के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाएगा।

# मलमलिया में डीआइजी ने फीता काट किया पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक पर चार जुलाई की संध्या हुई तीन लोगों की हत्या के बाद क्षेत्र में बढ़े तनाव एवं आम लोगों में व्याप्त भय को देखते हुए सारण डीआइजी नीलेश कुमार ने मलमलिया चौक स्थित हनुमान मंदिर के परिसर में मंगलवार को पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस अवसर पर डीआइजी ने कहा कि मलमलिया में पुलिस आउट पोस्ट की स्थापना से आम लोगों में व्याप्त भय का माहौल दूर होगा। उन्होंने आउट पोस्ट के लिए भगवानपुर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक शिवशंकर प्रसाद को प्रभार सौंपा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एसआइ अनिल कुमार सिंह सहित चार शस्त्रबल तैनात किए गए हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस आउट पोस्ट में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं जवान आमलोगों की सुरक्षा अपनी जिम्मेवारी समझेंगे। डीआइजी ने कहा कि मलमलिया जैसे व्यस्त चौक पर पुलिस आउट पोस्ट की आवश्यकता थी, जो आज मूर्तरूप धारण कर लिया। डीआइजी ने कहा कि पुलिस आउट पोस्ट के दोनों प्रवेश द्वार पर पुलिस पदाधिकारी का मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए, आवेदन मिलने पर इसको तत्काल एसडीपीओ महाराजगंज को सूचित कर आवेदन को कार्रवाई हेतु थाने में भेजना है। उन्होंने कहा कि मलमलिया एक ऐसा सेंटर प्वाइंट है जहां कई जगहों से वाहनों का आना-जाना रहता है। इसी मार्ग से स्प्रिट की आपूर्ति होती है जिसकी गहन जांच होनी चाहिए। इस मामले किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।न्होंने आमलोगों से पुलिस का सहयोग करने की बात कही। इस अवसर एसडीपीओ महाराजगंज राकेश कुमार रंजन, महाराजगंज पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार,अमरेंद्र कुमार, प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, पीएसआइ छपित कुमार चौबे सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, जदयू नेता अनिल सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, उप प्रमुख मुन्ना सिंह, अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि यहां पुलिस पोस्ट खुलने से भय का माहौल व्याप्त होगा।

## तिहरा हत्याकांड के खिलाफ मलमलिया में निकला कैंडल मार्च

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मलमलिया में चार जुलाई की शाम तीन लोगों की हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव व शोक का माहौल है। वहीं क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द कायम रखने के उद्देश्य से पूर्व विधायक सत्यदेव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सोमवार की शाम मलमलिया में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें काफी संख्या में दुकानदार एवं ग्रामीण शामिल थे। घटना के बाद समाज में व्याप्त भय, आक्रोश को सौहार्द पूर्ण वातावरण कायम करने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया गया। साथ ही इस घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी गई। कैंडल मार्च में सभी जाति, धर्मों के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कैंडल मार्च में शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कहा कि मलमलिया में हुई जघन्य घटना ने सभी लोगों के दिलों को झकझोर दिया है। नेता आएंगे और अपनी राजनीति करेंगे, लेकिन पीड़ितों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी हम सबों की है, जो यहां के निवासी हैं। सभी जाति, धर्मों के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से कैंडल मार्च में शामिल हुए सराहनीय है। इस दौरान पूर्व विधायक ने इस कांड के पीड़ितों के स्वजनों को न्याय दिलाने एवं उनके जीवन यापन की सम्मानजनक व्यवस्था करने की मांग सरकार से की। कैंडल मार्च में अशोक सिंह, मनीष सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, श्रीराम सिंह मुन्ना, ध्रुव सिंह, बुधन साह, गुड्डू सिंह आदि शामिल थे।

# पशु चिकित्सा सुविधा के लिए डायल 1962, सुविधा न मिलने से पशुपालक निराश

### 1962 डायल करें, आएंगे मवेशी डाक्टर

**परवेज अख्तर/सीवान।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालकों की सुविधा के लिए शुरू की गई टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962, जिसे पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) के माध्यम से त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए लांच किया गया था। लेकिन जिले के कई क्षेत्रों में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है। पशुपालकों की शिकायत है कि 1962 डायल करने के बावजूद उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य और पशुपालकों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हेल्पलाइन पर काल करने के बाद काल सेंटर से कोई प्रतिक्रिया ही नहीं मिली। वहीं पशुपालन विभाग का दावा है कि 1962 हेल्पलाइन के माध्यम से पशुओं के टीकाकरण, सामान्य उपचार और छोटी सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**1962 डायल करें, आएंगे मवेशी डाक्टर**-बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा संचालित 1962 टोल फ्री सेवा के माध्यम से घर बैठे मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सेवा का लाभ कोई भी पशुपालक 1962 डायल कर उठा सकता है। जैसे ही कोई पशुपालक 1962 नंबर पर काल करता है, उसकी काल पटना स्थित कंट्रोल रूम में रिसीव होती है। कंट्रोल रूम की टीम पशुपालक से आवश्यक विवरण लेकर उसके क्षेत्र के अनुसार एक इवेंट बुक करती है। इसके बाद संबंधित क्षेत्र की मोबाइल वेटनरी यूनिट यानी एमवीयू पशुपालक के घर तक पहुंचकर पशु की जांच व इलाज करती है।

### कहते हैं अधिकारी

मोबाइल वेटरनरी यूनिट के माध्यम से त्वरित उपचार प्रदान की जा रही है। संचालित 1962 टोल फ्री सेवा के माध्यम से घर बैठे मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सेवा का लाभ कोई भी पशुपालक 1962 डायल कर उठा सकता है। 19 प्रखंडों में एक-एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट है।

**डा. अहसानुल होदा,**
**जिला पशुपालन पदाधिकारी**

## पुलिस हत्याकांड में प्रयोग की गई कार छपरा से बरामद

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** तिहरे हत्याकांड में प्रयोग की गई चार पहिया पंच कार को पुलिस ने छपरा से बरामद कर ली है। यह जानकारी कांड के आइओ महाराजगंज इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने दी। यह गाड़ी शत्रुघ्न सिंह की बताई जाती है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी एसआइटी की टीम छपरा स्थित एक गैरेज से बरामद की है। उन्होंने बताया कि यह कार हत्याकांड में बदमाशों ने प्रयोग किया था। गौरतलब हो कि इसी कार से हत्याकांड के मुख्य आरोपित शत्रुघ्न सिंह आवागमन करते थे।

# जर्जर भवन में संचालित हो रहा है जिला पशु चिकित्सालय

- **19 प्रखंडों में तैनात हैं 29 डाक्टर , 19 प्रखंडों में एक–एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट**
- **तीन प्रखंडों को छोड़कर सभी जगहों पर अपने भवन में संचालित है पशु अस्पताल**

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** मुख्यालय में स्थापित जिला पशु चिकित्सालय कई वर्षो से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। कर्मचारियों को अभिलेख से लेकर दवा सहित तमाम संसाधनों और खुद को सुरक्षित रखना चुनौती बन गई है।भवन के अभाव में पशुपालन विभाग के दो कमरे में जिला पशु अस्पताल चलाया जा रहा है। उसी कमरे में पशुओं के लिए विभाग से मिलने वाली दवाइयों को भूमि पर रख दिया जाता है। रख रखाव के अभाव में पशु चिकित्सालय का लैब का पूरा सामान एक रूम में बंद रहता है। इससे जांच संबंधी कार्य बाधित होता है। कई आधुनिक सेवाएं पशुपालकों के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस भवन की छत से बारिश का पानी टपकता है, साथ ही साथ बड़े-बड़े प्लास्टर टूट कर गिरते हैं। भवन का दरवाजा व खिड़की सड़ चुके हैं। सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर संसाधन तो मुहैया करा दिए हैं लेकिन भवन की जर्जर दशा पर प्रदेश व जिला के उच्च अधिकारियों के साथ ही साथ जन प्रतिनिधियों की नजर नहीं पड़ रही है। इस कारण यहां कभी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बता दें कि जिले के तीन प्रखंडों को छोड़कर सभी जगहों पर अपना भवन पशु अस्पताल संचालित है। तीन प्रखंडों में नौतन, हसनपुर व जीरादेई शामिल हैं। जो भूमि का प्रकिया चल रही है।

**19 प्रखंडों में तैनात हैं 29 डाक्टर**–जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. अहसानुल होदा ने बताया कि जिले के 19 प्रखंडों में 29 डाक्टर तैनात हैं। इसमें से 15 डाक्टरों का दो दिन पूर्व स्थानांतरण हो गया है। वहीं जिले में 12 डाक्टर स्थानांतरण होकर आए हैं। बताया कि 19 प्रखंडों में एक-एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट है। इसमें एक आंदर ब्लाक का वाहन सड़क दुर्घटना होने के कारण थाना में खड़ा है,जो कार्य में नहीं है।

**जिला पशु चिकित्सालय में एक हैंडपंप** –बता दें कि जिला पशु चिकित्सालय में एक हैंडपंप है, वह भी सही नहीं है। जिसे पेयजल के लिए कर्मचारियों को दुकान पर जाना पड़ता है। साथ ही साथ पशु पालक को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। अस्पताल परिसर में पशुओं के पीने के लिए भी पानी व्यवस्था नहीं है।

### कहते हैं अधिकारीः

जिला पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर हो गया है। इसका भवन निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार कर इसकी स्वीकृति के लिए भेजी गई है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**एसरारूल होदा, जिला**
**पशुपालन पदाधिकारी**

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र स्थित झुनापुर हाईवे चौराहा से चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में महादेवा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान एक सप्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक आते देखे गए। जहां पुलिस को देख वह बाइक घुमाकर भगाने का प्रयास करने लगे। जवानों के सहयोग से उन्हें पकड़ लिया गया, उनकी तलाशी ली गई तो बाइक चोरी की निकाली। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि बाइक चोरी की है। गिरफ्तार गोपालगंज निवासी शमशाद अहमद और साहब राजा है। इससे बाइक के संबंध में पूछताछ करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने जेल भेज दिया।

## सिवान – प्लेटफार्म पर रील बनाते तीन युवकों को आरपीएफ ने पकड़

**परवेज अख्तर/सीवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रील बनाते तीन युवकों को आरपीएफ ने पकड़कर कार्रवाई की है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर निगरानी एवं चेकिंग के दौरान पश्चिमी छोर पर तीन युवक फोटो तथा रील बनाते हुए दिखाई दिए। जिन्हें रोक कर पूछताछ की गई। पकड़े गए युवकों में गोपालगंज जिला के हथुआ थाना क्षेत्र के सुहागपुर निवासी वशिष्ठ कुमार, गुड्डन कुमार व विशाल कुमार गुप्ता है। उनके द्वारा स्टेशन परिसर पर न्यूसेंस पैदा करने के जुर्म से अवगत कराते हुए रेल अधिनियम की धारा 145 के तहत उनके विरुद्ध विधि कार्रवाई करते हुए बल पोस्ट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## एसडीओ एवं एसडीपीओ ने मेंहदार में श्रावणी मेला की तैयारी का लिया जायजा

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के मेंहदार में 11 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेला की तैयारी का जायजा मंगलवार को सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता एवं एसडीपीओ अजय कुमार सिंह ने लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। पदाधिकारीद्वय ने बाबा महेंद्रानाथ मंदिर, स्नान घाटों और मेलास्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ राजेश कुमार, सीओ पंकज कुमार, चैनपुर थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंहा, प्रधान पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय शामिल रहे। अधिकारियों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, लाइनिंग और सीसी कैमरे की निगरानी की व्यवस्था देखी। आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए। कमलदाह सरोवर के घाटों का निरीक्षण कर एसडीआरएफ टीम, नाविक दल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान यातायात प्रबंधन के लिए ट्रैफिक योजना, पार्किंग स्थल और डायवर्जन रूट की योजना बनाई गई। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

## युवाओं ने उठाया कमलदाह सरोवर की सफाई का जिम्मा

**सिसवन (सिवान)।** श्रावणी मेला के शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। श्रद्धालु कमलदाह सरोवर से जल लेकर बाबा महेंद्रानाथ को अर्पित करते हैं, लेकिन सरोवर में घास, जंगल झाड़ उगने से पूरा जल गंदा हो गया है। तालाब की सफाई में स्थानीय नेताओं एवं अधिकारियों की उदासीनता के कारण ऐतिहासिक कमलदाह सरोवर की स्थिति नारकीय बनी हुई है। इसके बाद समाजसेवी चंदन कुमार दुबे के नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं व शिवभक्तों ने श्रमदान कर पोखरे में जमा मलवा, जंगल- झाड़, जलकुंभी को साफ किया। इसकी सफाई लंबे समय से चल रही है। बावजूद सरोवर घास-फूस व गाद से लबालब भरा पड़ा है। सरोवर की सफाई कर रहे समाजसेवी चंदन कुमार दुबे, अभिषेक सिंह, विनय पांडेय, उत्सव कुमार, धर्मेंद्र लाल, सुबोध चौबे का कहना था कि जरूरी नहीं हर कार्य सरकारी खर्च से ही हो। आने वाले श्रावणी मेले में बाबा महेंद्रानाथ की पूजा के लिए जल संकट की विकट समस्या है। इसके लिए जल संचयन जरूरी है। इस सफाई कार्य में स्थानीय युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इधर, महेंद्रनाथ मंदिर स्थित कमलदाह सरोवर गर्मी के मौसम में पूरी तरह सूख गया था। इससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी थी। यहां तक कि स्नान करने के लिए भी सरोवर में पानी नहीं बचा था। जबकि इस सरोवर में स्नान करने के बाद पूजा अर्चना करने की मान्यता है।